शॉर्ट न्यूज़: 10 फ़रवरी, 2022

sanskritiias.com/hindi/short-news/10-february-2022

ईरान द्वारा मिसाइल परीक्षण

ईरान द्वारा मिसाइल परीक्षण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, ईरान ने लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

प्रमुख बिंदु

- इसका नाम 'खैबर-बस्टर' रखा गया है, जिसकी मारक सीमा 1,450 किमी. है।
- घरेलू स्तर पर ठोस ईंधन के उपयोग से निर्मित यह मिसाइल उच्च सटीकता के साथ रक्षक प्रणाली (शील्ड सिस्टम) को भी मात देने में सक्षम है।
- इसके जरिये ईरान ने अपनी पहुँच का विस्तार करते हुए अमेरिका के कई क्षेत्रों के साथ-साथ इज़रायल तक अपनी मारक क्षमता को विस्तारित कर लिया है।
- विदित है कि विश्व शक्तियों के साथ ईरान के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिये वियना में बातचीत जारी है। ईरान का तर्क है कि उसके मिसाइल कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक निवारक क्षमता विकसित करना है, न कि परमाणु हथियारों का विकास करना।